# 'आइओटी से स्मार्ट सिटीज में ऊर्जा बचाने में मिलेगी मदद'

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर की सेंटर ऑफ इंडस्ट्री रिलेशंस (सीआइआर) ने स्पेशल लेक्चर सीरीज के तहत सोमवार को एक सेमिनार किया। इसमें लेग्रैंड (ग्रुप) इंडिया के डायरेक्टर समीर सक्सेना ने प्रोडक्ट इनोवेशन एंड डेवलपमेंट-कस्टमर्स पर्सपेक्टिव विषय पर स्टूडेंट्स से चर्चा करते हुए स्मार्ट सिटीज के लिए प्रासंगिक इलेक्ट्रिकल और डिजिटल बिल्डिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में इनोवेशंस पर बात की। उन्होंने कहा, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) टेक्नोलॉजी बिल्डिंग्स के लिए एनर्जी बचाने और उनकी स्थिरता में सुधार करने के लिए मददगार साबित हो रही है। हालांकि, आईओटी के विकास के लिए इंटरऑपरेबिलिटी आवश्यक शर्त है।



**आइआइटी में लेग्रैंड इंडिया के डायरेक्टर समीर सक्सेना ने कहा-**

## जितना परिवर्तन होगा, उतनी क्षमता बढ़ेगी

उन्होंने सुझाव दिया कि इंडस्ट्री को ओपन व परस्पर भाषा और एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, एक प्रोडक्ट डवलपर को हमेशा याद रखना चाहिए कि उत्पाद में जितना परिवर्तन होगा, सफलता के लिए उतनी अधिक क्षमता बढ़ेगी। आइआइटी इंदौर के 10 साल पूरे होने के मौके पर सीआइआर स्पेशल लेक्चर सीरीज का आयोजन कर रहा है। इसके माध्यम से एक्सपर्ट्स इंडस्ट्री के वर्तमान दौर, चुनौतियों, भविष्य और समाधान पर चर्चा करते हैं।

**Patrika (Indore), 26th March 2019, Patrika Plus, Page-13**